वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :4 अंक : 25 | सोमवार 20 मई 2024 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

## गोविंद देवजी मंदिर में तीन दिवसीय 551वां प्राकट्योत्सव का समापन

### श्री हित हरिवंश महाप्रभु का महाराज का प्राकट्योत्सव मनाया; हरिवंश की वाणी पुस्तक का हुआ विमोचन



**जयपुर. कासं।** जयपुर आराध्य देव गोविंद देवजी मंदिर के सत्संग भवन में तीन दिवसीय गोस्वामी श्रीहित हरिवंश महाप्रभु का 551वां प्राकट्योत्सव का समापन हुआ। समापन अवसर पर श्री हित हरिवंश महाप्रभु का महाराज का प्राकट्योत्सव भक्ति भाव से मनाया गया जिसमें बधाईगान और प्रवचन संकीर्तन का आयोजन हुआ। आराध्या गोविंद देव जी मंदिर के महंत अंजन कुमार गोस्वामी, त्रिवेणी धाम से राम रिछपाल दास महाराज, सरस निकुंज से अलबेली माधुरी शरण महाराज, सियाराम दास, धर्म प्रचारक विजय शंकर पांडेय और कई संत महंतों ने आयोजन में शिरकत की। मंदिर महंत अंजन कुमार गोस्वामी ने संतों का शॉल दुपट्टा, प्रसाद, राधा गोविंद देव जी की छवि देकर सम्मानित किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश टाक ने आगंतुक संत महंतों का शॉल और श्रीफल देकर सम्मानित किया। इस मौके पर हरिवंश की वाणी पुस्तक का विमोचन संतो के सानिध्य में हुआ। कमल मुकुट, किशोर कुमार, कैलाश चंद सिंघल, स्वामी हरिराम कौशिक, रमेश चंद्र डेरे वाले, मोहित अग्रवाल, राजेंद्र टांक, विष्णु टांक, ललित मोहन अग्रवाल और अन्य ने पूजा-अर्चना कर संतों का आशीर्वाद लिया।

# रिजेक्शन जिंदगी का हिस्सा, इससे घबराना नहीं चाहिए




### सोर्ट माय कॉलेज समिट में विशेषज्ञों ने दिए सक्सेस मंत्र, एंटरप्रेन्योर-मोटिवेशनल स्पीकर्स से रूबरू हुए युवा

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

मीराखी ऑर्गेनाइजेशन और सोर्ट माय कॉलेज डॉट कॉम की ओर से राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में रविवार को सोर्ट माय कॉलेज (एसएमसी) समिट का आयोजन किया गया। समिट में 10 की-नोट सेशंस समेत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। इंडियाज लीडिंग यूथ फेस्ट में फाइनेंस, फैशन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), पब्लिक स्पीकिंग एंड कम्यूनिकेशन और कंटेंट क्रिएशन सब्जेक्ट पर एक्सपर्ट्स ने विचार रखे। समिट में एंटरप्रेन्योर और मोटिवेशनल स्पीकर अशनीर ग्रोवर और ओयो ग्रुप के सीईओ रितेश अग्रवाल ने युवाओं को एंटरप्रेन्योर बनने और बिजनेस ग्रोथ के मंत्र दिए। सिंगर इक्लिप्स नोवा ने परफॉर्मेंस देकर सभी का दिल जीता। सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर सृष्टि गर्ग, डिजिटल कंटेंट क्रिएटर तारिणी शाह, दिवास गुप्ता ने डिजिटल कंटेंट क्रिएशन पर बात की। जयपुर के युवा आंत्रप्रेन्योर लक्ष्य लशकारी, दक्ष काला ने समिट को लीड किया। एमिटी यूनिवर्सिटी, अप मार्केट एकेडमी, आर्ट फोर्टी, ज्ञान विहार एजुकेशन लिस्ट समेत छह शैक्षणिक संस्थान के एक्सपर्ट्स ने बच्चों को नए करियर ऑप्शन्स की जानकारी दी। लक्ष्य लशकारी ने कहा कि समिट का उद्देश्य युवाओं को अनकंवेंशनल करियर ऑप्शन से रूबरू करवाना रहा। दक्ष काला ने बताया कि 1200 से अधिक युवाओं ने इसमें हिस्सा लिया, आशा है इससे युवाओं में स्टार्ट अप शुरू करने की प्रेरणा जगेगी। रितेश अग्रवाल ने गर्मजोशी से युवाओं का अभिवादन किया। उन्होंने कहा कि युवा एंटरप्रेन्योर बन रोजगार देने की बात सोच रहे है यह बात काबिल ए गौर है। भारत को विश्व में अग्रणी अर्थव्यवस्था वाला देश बनाने में यह लोग महत्वपूर्ण योगदान निभाएंगे। उन्होंने युवाओं को बड़े सपने देखने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि रिजेक्शन जिंदगी का हिस्सा है इनसे घबराना नहीं चाहिए, यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हम सुबह उठे तो पिछले दिन से बेहतर बने।

# मिस राजस्थान 2024 फिनाले वीक की हुई शुरूआत

### 7 दिनों तक चलेंगे इंटरनेशनल स्तर के ग्रूमिंग सेशन, न्यूट्रिशन एक्सपर्ट डीटी कीर्ति जैन ने टॉप फाइनलिस्ट को बताया न्यूट्रीशन का महत्व

**जयपुर. कासं।** फैशन की दुनिया में इंटरेस्ट रखने वाले लोगों को 25 मई का बेसब्री से इंतजार रहेगा। इस दिन राजस्थान ब्यूटी पेजेंट के 26वे संस्करण की अपनी नई मिस राजस्थान 2024 मिलेंगी और इसका कांउटडाउन पूरे राजस्थान से सिलेक्ट की गई टॉप 28 गर्ल्स के हिल्टन जयपुर पहुंचने के साथ ही शुरू हो चुका है । मिस राजस्थान के डायरेक्टर योगेश मिश्रा, निमिषा मिश्रा व हिल्टन के जीएम राहुल भगत ने इंटरनेशनल पेजेंट की तरह गर्ल्स का भव्य स्वागत कैक काटकर किया। फ्यूजन ग्रुप, आर्य ग्रुप ऑफ कॉलेज व रूवी डिजिटल के सहयोग से आयोजित मिस राजस्थान स्टेट ब्यूटी कॉन्टेस्ट में इतिहास बना रहा है जहां प्रतिभागी गर्ल्स को इस वीकेंड में नेशनल एवं इंटरनेशनल ब्यूटी पेजेंट के एक्सपर्ट ग्रूमिंग कर रहे हैं । 14 दिन से गर्ल्स के लिए फिनाले के 2 सप्ताह के तहत विभिन्न इवेंट आयोजित किए गए। फिनाले वीक के प्रथम दिन रविवार को न्यूट्रिशन एक्सपर्ट डीटी कीर्ति जैन ने अपने सेशन में न्यूट्रीशन के जरूरी टिप्स दिए। इसमें कीर्ति जैन ने बताया कि भागती दौड़ती लाइफ में लोग हेल्दी फूड खाना व समय पर भोजन करना भूल गए हैं । समय पर खाना और पर्याप्त मात्रा में खाना शरीर के लिए बहुत जरूरी है और साथ ही कीर्ति जैन ने बताया। हेल्दी फूड इस तरीके से शरीर के लिए जरूरी है जिस तरीके से हवा और पानी। फैशन कोरियोग्राफर शाहरुख खान ने गर्ल्स को वॉक की बारीकियों से अवगत कराया। मिस राजस्थान 2024 का ग्रैंड फिनाले 25 मई को बिड़ला ऑडिटोरियम में होगा। इसमें निवारण कॉलेज आफ डिजाइनिंग के 28 उभरते डिजाइनर अपना कलेक्शन शोकेस करेंगे। साथ ही फेमस फैशन डिजाइनर मंदाकिनी के प्रशांत कुमार पोद्दार का कलेक्शन फिनाले में शोकेस होगा।

# क्रिकेट टूर्नामेंट JSGPL SEASON XI का हुआ भव्य शुभारंभ



**अमित गोधा. शाबाश इंडिया**

ब्यावर शहर की प्रतिष्ठित संस्थाओं, जैन सोशल ग्रुप नवकार, सनशाइन, और स्पार्कल के संयुक्त तत्वाधान में क्रिकेट टूर्नामेंट JSGPL SEASON XI का शुभारंभ सेंट पॉल स्कूल में हुआ। सनशाइन के सचिव प्रतीक के मुख्य अतिथि फादर जी फ्रांसिस ने रिबन काटकर टूर्नामेंट का शुभारंभ किया। इस अवसर पर टूर्नामेंट के स्पॉन्सर, सभी टीमों के स्पॉन्सर, और खिलाड़ी उपस्थित थे।समारोह में तीनों जैन सोशल ग्रुप के अध्यक्ष, नवकार के गौरव जी ओस्तवाल, सनशाइन के विक्रम सांखला, और स्पार्कल के मोहित कुमठ उपस्थित थे। इनके अलावा





खटोड़ ने बताया कि तीनों संस्थाओं द्वारा हर वर्ष इस टूर्नामेंट का आयोजन किया जाता है। परंपरागत रूप से यह टूर्नामेंट कोठारी फार्म हाउस, सेंदड़ा रोड पर आयोजित होता रहा है, लेकिन इस वर्ष पहली बार यह आयोजन सेंट पॉल स्कूल में किया जा रहा है। इस वर्ष टूर्नामेंट में खिलाड़ियों की संख्या में भी वृद्धि हुई है, जिसमें 126 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। टूर्नामेंट में कुल 8 टीमें हिस्सा ले रही हैं।12619 मई से शुरू हुए इस टूर्नामेंट का समापन आगामी 23 जून को होगा। आज के उद्घाटन समारोह में सेंट पॉल स्कूल के प्रधानाचार्य और टूर्नामेंट महेंद्र नाहर, प्रिंस ओस्तवाल, पीयूष रांका, शहर के गणमान्य नागरिक मीठालाल जी लोढ़ा, मनीष मेहता, मनीष कुंकुलोल, राजीव रांका, राहुल बाबेल, यश बाबेल, कुलदीप जैन, यस बैंक के मैनेजर हितेश सुराना, और कोटक महिंद्रा बैंक के सदस्य भी मौजूद थे।नवकार के सचिव विशाल कांकरिया और स्पार्कल के सचिव ऋषभ मोदी ने उपस्थित सभी गणमान्य सदस्यों को धन्यवाद दिया। कोर्डिनेटर ने बताया इस भव्य आयोजन ने न केवल खेल के प्रति उत्साह को बढ़ावा दिया बल्कि सामाजिक एकता और सहयोग की मिसाल भी पेश की।

# 26वां पार्श्वनाथ मंदिर स्थापना दिवस समारोह संपन्न



**ब्यावर. शाबाश इंडिया**

श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर अजमेर रोड ब्यावर का 26 वा स्थापना दिवस श्री पंडित घनश्याम दास जी शास्त्री जी के सानिध्य में बड़ी धूमधाम से मनाया गया। श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर जी मे आज प्रातः ध्वजारोहण अभिषेक व शान्ति धारा व विधान के पूर्णयजर्क परिवार सुशील कुमार, प्रकाशचन्द, संजीव कुमार, कमलेश कुमार, सीमा रितिका जैन गंगवाल परिवार को प्राप्त हुआ। दूसरी शांति धारा श्री वीर कुमार कमल जी राँवका सन्मति परिवार एवंम पन्ना लाल निर्मला देवी जी



प्रद्युम्न सीमा जैन को शान्ति धारा करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर श्री पार्श्वनाथ महिला मंडल द्वारा एक भजन संध्या का आयोजन किया गया। उसमें भजन में साक्षी सोनी, सविता पाटनी, साक्षी रांवका मोनिका ठोलिया पिंकी जैन हीरा गंगवाल घेवर चन्द छाबड़ा प्रद्युम्न विनोद ठोलिया कमलेश ठोलिया ने भजन की प्रस्तुति दी। शाम मे 1008 दीपक से महाआरती व रिद्धि सिद्धि भक्तामर पाठ का आयोजन किया गया। इसमे पार्श्वनाथ मंदिर के अध्यक्ष संजय राँवका सचिव संजय गंगवाल व दिगम्बर जैन पंचायत के अध्यक्ष अशोक काला उपाध्यक्ष विजय फागीवाला मंत्री दिनेश अजमेरा शशिकांत गदीया विकल कासलीवाल अमित गोधा श्रीपाल अजमेरा राजकुमार पहाड़िया अतुल पाटनी महेंद्र सोनी कमल रावका वीरेंद्र गोधा प्रद्युम्नजैन संदीप पाटनी अनिल डोसी मुकेश जैन मनोज पाटोदी विनोद जैन राजेंद्र गोधा अरुण कुमार शास्त्री सदस्यगण उपस्थित थे। इसके अलावा श्री दिगम्बर जैन पंचायत की सभी मंडल की कार्यकारणी व सदस्यगण उपस्थित थे। समाज के सभी महिलाएं व पुरुष व बालक-बालिकाओं ने भी विधान में सम्मिलित हुए।

# महावीर स्वामी के 2550वें निर्वाण दिवस पर आयोजीत राष्ट्रीय निबंध प्रतियोगिता की अन्तिम तिथि बढ़ाकर 31जुलाई 2024 की

**जयपुर. शाबाश इंडिया**



भगवान महावीर के 2550वे निर्वाण दिवस पर आयोजित राष्ट्रीय निबंध प्रतियोगिता के लिए डडूका निवासी साहित्यकार एवम सामाजिक कार्यकर्ता अजीत कोठिया को राजस्थान प्रांत का संयोजक मनोनीत किया गया है। आयोजन के मुख्य संयोजक डा. आशीष जैन शाहगढ़ ने बताया की अजीत कोठिया आचार्य सुनील सागर जी महाराज के आशीर्वाद से आयोजित इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए पूरे राजस्थान का कार्यभार संभालेंगे। रुपए 351000/के पुरस्कार के लिए 'वर्तमान मे भगवान महावीर के सिद्धांतो की प्रासंगिकता' विषय पर 500से बीवी 1000शब्दो मे निबंध ऑनलाइन आमंत्रित किए गए हैं। आयोजन मे किसी भी जाति, धर्म, पंथ व संप्रदाय के प्रतिभागी हिस्सा ले सकते हैं। निबंध प्रतियोगिता हेतु ऑनलाइन पंजीयन एवं प्रविष्ठियां भेजने की अंतिम तिथि प्रतियोगियों की विशेष मांग पर बढ़ा कर 31जुलाई 2024कर दी गई है। प्रतिभागी पंजीयन के लिए अजीत कोठिया से मोबाईल नंबर 9414737791 पर संपर्क कर सकते हैं। जिन लोगों ने पहले प्रविष्ठियां भेज दी है उन्हे फिर से आवेदन करने की जरूरत नहीं है। एक परिवार से अलग अलग पंजीयन करा कितने भी सदस्य हिस्सा ले सकते हैं।

# नेट थियेट पर नाटक काकोरी-द ट्रेन एक्शन

**जयपुर. शाबाश इंडिया।** नेट थियेट कार्यक्रमों की श्रृंखला में आज प्रोग्रेसिव फोरम संस्था द्वारा रंगकर्मी सुधांशु शुक्ला द्वारा लिखित एवं निर्देशित नाटक काकोरी -द ट्रेन एक्शन का सशक्त एवं प्रभावी मंचन किया गया। नेटथियेट के राजेन्द्र शर्मा राजू ने बताया कि यह नाटक पीयूष मिश्रा द्वारा लिखित नाटक गगन दमामा बाज्यों से प्रेरित है। **कथासार:** नाटक हिंदुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन का गठन और 9 अगस्त 1925 में हुई ट्रेन की डकैती को दर्शाता है, जो काकोरी स्टेशन पर हुई और इस डकैती में अंग्रेजों की बुनियाद हिला दी। क्रांतिकारियों का एक साथ एक जुट होकर अंग्रेजी के खिलाफ लड़ने को दिखता है, इस नाटक में दो कहानी एक साथ गमन करती नजर आती है, पहली कहानी उन सभी क्रांतिकारियों की है, जिन्होंने मिलकर HRA ( हिंदुस्तान रिपब्लिक एसोसिएशन) को बनाया और दूसरी कहानी भगत सिंह का HRA से जुड़ने को दशार्ता है ' नाटक में संगीत और गायन के माध्यम से क्रांतिकारी काल को भी दर्शाया गया। नाटक क्रांतिकारियों के जज्बे और देश प्रेम की कहानी को बया करती है। नाटक में राम प्रसाद बिस्मिल दीपक सैनी, भगत सिंह देव स्वामी, चंद्रशेखर आजाद श्योजित कुमार, शफाउल्लाह खान आकाश शर्मा, सचिंद्रनाथ प्रवीण, योगेश चंद्र दिव्यांश शिवानानी, रोशन सिंह विवेक झाकड़, आदमी अमित डागर, औरत गरिमा सिंह राजावत, भगत सिंह की मां श्वेता चोला गाई खत्री और भगत सिंह के पिता सावन जांगिड़ ने अपने अभिनय से नाटक को जीवन्त किया ।



# हम सब की एक अभिलाषा छोटा गिरनार में हो चौमासा के नारों के साथ जयपुर वासियों ने उज्जैन में आचार्य प्रज्ञा सागर महाराज को चातुर्मास के लिए किया श्रीफल भेट




**जयपुर. शाबाश इंडिया**

छोटा गिरनार व तपोभूमि प्रणेता आचार्य प्रज्ञा सागर जी महाराज के वर्ष 2024 के दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र छोटा गिरनार बापूगांव में चातुर्मास करवाने के लिए जयपुर वासियों ने रविवार को जयकारों के साथ आचार्य प्रज्ञा सागर जी महाराज को श्रीफल भेट कर निवेदन किया। दल प्रमुख अनिल जैन बनेठा एवं अतिशय क्षेत्र छोटा गिरनार के अध्यक्ष प्रकाश चन्द बाकलीवाल के नेतृत्व में श्री महावीर तपोभूमि उज्जैन में आयोजित धर्म सभा के दौरान सिर पर श्रीफल की टोकरी एवं हाथों में छोटा गिरनार में हो चौमासा की तख्तियां लेकर सकल दिगम्बर जैन समाज छोटा गिरनार, सकल दिगम्बर जैन समाज निमोडिया एवं जयपुर वासियों की ओर से नाचते-गाते श्री फल भेट कर छोटा गिरनार अतिशय क्षेत्र में वर्ष 2024 का चातुर्मास करने हेतु निवेदन किया गया। छोटा गिरनार के प्रचार मंत्री चेतन जैन निमोडिया ने बताया कि तपोभूमि क्षेत्र कमेटी की ओर से सभी महानुभावों का तिलक, माल्यार्पण कर भावभीना स्वागत-सत्कार किया गया। इस मौके पर दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र छोटा गिरनार बापू गांव के संरक्षक अनिल जैन बनेठा, अध्यक्ष प्रकाश चंद बाकलीवाल, मंत्री पारसमल जैन, कोषाध्यक्ष रमेश चंद गंगवाल, चित्रकूट कालोनी जैन समाज के अध्यक्ष केवल चंद जैन, महेंद्र कुमार जैन, कमलेश जैन, राजस्थान जैन सभा के कार्यकारिणी सदस्य जिनेंद्र गंगवाल जीतू, प्रेम चंद जैन, संजु जैन सिद्धार्थ नगर, मनोज बाकलीवाल, अमित जैन निमोडिया , सरपंच पलक जैन निमोडिया सहित महिला मंडल की सदस्याऐं चातुर्मास के लिए श्रीफल भेंट करने के आयोजन में शामिल हुई। आचार्य श्री ने सभी यात्रियों को आशीर्वाद प्रदान करते हुए चातुर्मास करने के लिए समय आने पर विचार करने का आश्वासन दिया। देर रात्रि में यात्रा दल जयपुर के लिए रवाना हो गया।

# गाजे बाजे से नवनिर्मित वेदी में विराजे जिनेन्द्र देव श्री जी

## सतवाडा-राजमहल में वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव सम्पन्न

**विमल जोला. शाबाश इंडिया**

निवाई। वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव एवं जिनबिम्ब स्थापना महोत्सव सतवाडा.राजमहल में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में रविवार को सुबह श्रद्धालुओं ने भगवान शांतिनाथ जी की शांतिधारा करके सामूहिक कलशाभिषेक किया गया इसके बाद गाजे बाजे से नवनिर्मित जिन मंदिर में जिनप्रतिमा जी को विराजमान किया गया। महोत्सव के मीडिया प्रभारी विमल जौला ने बताया कि नव निर्मित वेदी में मूलनायक भगवान



पार्श्वनाथ जी एवं भगवान संभवनाथ जी पारसनाथ जी एवं पदमप्रभु जी को विराजमान करने का सौभाग्य रतनदेवी पाटनी राजेन्द्र कुमार आशा जैन रमेश चंद विमल कुमार पदमचंद चंद्र प्रकाश जैन मनोज कुमार सौरभ जैन संजू जौला एवं निशा जैन पाटनी निवाई परिवार को मिला। जौला ने बताया कि भगवान आदिनाथ जी को अशोक कुमार शुभम जैन कासलीवाल, भगवान मल्लिनाथ जी को पीयुष कुमार कासलीवाल, भगवान चन्द्रप्रभु अवनेश कुमार कासलीवाल, भगवान शांतिनाथ जी को अरविन्द कुमार कासलीवाल, क्षेत्रपाल बाबा को आशीष जैन, भगवान सुमतिनाथ जी को अभय कुमार कासलीवाल, भगवान वासुपूज्य जी को मुकेश कुमार अमन कुमार कासलीवाल को सौभाग्य मिला। महोत्सव के मुख्य अतिथि पूर्व न्यायाधीश नरेंद्र कुमार जैन, अध्यक्षता जिला प्रमुख सरोज बंसल एवं नरेश बंसल ने की।

## वेद ज्ञान

### स्वांतः सुखाय...

श्रेय और प्रेय दो शब्द हैं। श्रेय पारलौकिक और आध्यात्मिक सुख है। मनुष्य के जीवन का उद्देश्य ऐश्वर्य भोग नहीं है। उसे जिस आध्यात्मिक सुख को अंतिम समय में प्राप्त करना है, उसी को श्रेय कहते हैं। वहीं प्रेय का अर्थ है सांसारिक सुख और ऐश्वर्य भोग। जो प्रिय लगे, जो हमें संसार से बांधे। इस संसार की समस्त कामनाएं, ऐषणाएं, वासनाएं आदि। मनुष्य जिसे संसार सुख के लिए प्राप्त करे। श्रेय विराट का प्रत्यक्षीकरण है और प्रेय स्व का निजीकरण है, जैसे उपासना और आराधना। उपासना व्यक्तिगत पूजा है, आराधना सार्वलौकिक पूजा है। इसलिए प्रेयस व्यक्तिगत कामना की पूर्ति है, अनंत इच्छाओं की पूर्ति का प्रयास है और श्रेयस संपूर्ण मानवीय मूल्यों के लोक मंगलकारी विचारों को समझने का प्रयास है। मनुष्य जब तक कामनाओं में बंधा रहता है, तब तक प्रेयस के परिवेश में रहता है और ज्यों ही उसकी कामनाएं व्यापक बन जाती हैं, व्यष्टि से समष्टि की ओर चली जाती हैं, वह श्रेयस बन जाती हैं। गोस्वामी तुलसीदास ने कहा है, स्वांतः सुखाय... अर्थात अपने सुख के लिए रामायण लिख रहा हूं, लेकिन उनका स्व, उनका स्वांतःपर बन गया, क्योंकि उनका स्व लोक मंगलकारी बन गया। स्व और पर विरोधी शब्द नहीं हैं। स्व का दायरा जब फैल जाता है, स्व का जब विस्तार हो जाता है, तब वह लोकमंगलकारी बन जाता है। मनुष्य कोई कृति करता है, पुस्तक लिखता है, स्कूल, कॉलेज, हॉस्पिटल बनवाता है। पहले वह अपने सुख के लिए उसका निर्माण करता है, लेकिन जब उस निर्माण कार्य से जनकल्याण होने लगता है, तो वह उसका अपना सुख नहीं रहता। वह जनमानस का सुख बन जाता है। जब तक वह किसी व्यक्ति के हित के लिए था, तब तक वह प्रेयस था, लेकिन ज्यों ही यह जनकल्याण के लिए समर्पित हो गया तो यह श्रेयस बन गया। मनुष्य कृति करता है अपने लिए, लेकिन जब वह कृति लोक कल्याणकारी बन जाती है तो वह किसी व्यक्ति की नहीं रहती। कृति हमेशा जीवित रहती है। मनुष्य चला जाता है, लेकिन उसकी कीर्ति हमेशा जीवित रहती है। यह लोकमंगलकारी भाव है, वही श्रेयस है। श्रीकृष्ण की गीता, मात्र श्रीकृष्ण और अर्जुन का संवाद है। युद्ध से भागते हुए एक योद्धा को श्रीकृष्ण ने समझाया है।

## संपादकीय

# सर्वोच्च न्यायालय ने ईडी को दी नसीहत

सर्वोच्च न्यायालय ने एक बार फिर प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी को कड़ी नसीहत दी है। उसने व्यवस्था दी है कि अगर धनशोधन के मामले में किसी व्यक्ति के खिलाफ विशेष अदालत ने संज्ञान लिया है, तो ईडी उसे गिरफ्तार नहीं कर सकती। अगर आरोपी अदालत के बुलाने पर हाजिर होता है, तो उसे हिरासत में लेने के लिए ईडी को अदालत में आवेदन करना होगा और फिर न्यायालय बहुत जरूरी होने पर ही उसे हिरासत में भेजने का फैसला कर सकता है। धनशोधन निवारण अधिनियम की धारा 19 के तहत उसकी गिरफ्तारी नहीं की जा सकती। यह फैसला एक तरह से ईडी को उसकी सीमा बताने वाला है। इसी धारा के तहत ईडी किसी आरोपी को गिरफ्तार कर सकती है। अदालत ने स्पष्ट कहा है कि इस धारा के तहत गिरफ्तारी के बाद किसी आरोपी को जमानत देना मुश्किल हो जाता है। हालांकि एक वर्ष पहले भी सर्वोच्च न्यायालय ने ईडी को नसीहत दी थी कि धनशोधन मामले में गिरफ्तारियों को लेकर वह अतिरिक्त उत्साह न दिखाए। उसके बाद भी स्पष्ट निर्देश दिया था कि ईडी तभी किसी व्यक्ति को गिरफ्तार करे, जब उसके पास आरोपी के खिलाफ पुख्ता सबूत हों, उसके बारे में वह स्पष्ट उल्लेख करे। दरअसल, पिछले कुछ वर्षों से धनशोधन मामलों में जिस तरह ईडी सक्रिय नजर आ रहा है और विपक्ष के अनेक नेताओं और उनसे संबंधित लोगों को सलाखों के पीछे डाल चुका है, उसे लेकर लगातार आपत्ति दर्ज कराई जाती रही है। एक वर्ष पहले सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट निर्देश दिया था कि ईडी भय का माहौल पैदा न करे। उसकी गिरफ्तारियों में राजनीतिक विरोधियों की गिरफ्तारी असाधारण रूप से अधिक है। मगर उस नसीहत का उस पर कोई असर नहीं हुआ। विपक्षी नेताओं की गिरफ्तारियां लगातार जारी रहीं। उनमें से कई नेता अब भी जेल में हैं और उन्हें जमानत नहीं मिल पा रही है। माना जाता है कि चुनाव आचार संहिता लागू होने के बाद इस तरह के छापों और गिरफ्तारियों पर विराम लग जानी चाहिए, ताकि राजनेता चुनाव में समान अधिकार से चुनाव मैदान में उतर सकें। मगर इस दौरान भी छापे रुके नहीं हैं। ईडी की इस सक्रियता के विरोध में विपक्षी दलों ने सर्वोच्च न्यायालय में गुहार लगाई थी, मगर धनशोधन का मामला संवेदनशील होने की वजह से अदालत ने कोई आदेश नहीं दिया था। अब अगर सर्वोच्च न्यायालय इसे लेकर गंभीर और कड़ा रुख अपनाए हुए है, तो ईडी को अपने दायरे का अहसास हो जाना चाहिए। जब भी किसी राजनेता या बड़े अधिकारी के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप लगते हैं, तो ईडी भी पीछे-पीछे वहां पहुंच जाती है और अपने असीमित अधिकारों का इस्तेमाल करती देखी जाती है। धनशोधन के मामले में कड़ी कार्रवाई से इनकार नहीं किया जा सकता। यह देश की सुरक्षा के लिए काफी संवेदनशील मामला है। इसी दृष्टि से धनशोधन निवारण अधिनियम को कड़ा बना गया था।



**-राकेश जैन गोदिका**

## परिदृश्य

# लोगों के बीच वैज्ञानिक चेतना पैदा करने की जरूरत

जिस दौर में किसी भी मसले पर छाए धुंध को विज्ञान के सहारे साफ कर लिया जाता है, उसमें अंधविश्वास के चलते एक बच्चे की जान ले लेना हैरान करता है। उत्तर प्रदेश के इटावा जिले में एक तांत्रिक ने दो युवकों के साथ मिल कर एक आठ वर्ष के बच्चे की गला काट कर हत्या कर दी, उसके साथ तंत्र-मंत्र का कर्मकांड किया और शव को गड्ढा खोद कर छिपा दिया। इन लोगों को लगता था कि ऐसा करने से जंगल में कहीं गड़ा खजाना मिल जाएगा। एकबारगी यह अविश्वसनीय लगता है कि वैज्ञानिक चेतना के विकास के बीच भी क्या ऐसी घटनाएं हो सकती हैं! मगर आज भी ऐसे तमाम लोग हैं, जिन्हें लगता है कि जादू-टोना, तंत्र-मंत्र या कर्मकांड के सहारे कुछ मनचाहा हासिल किया जा सकता है। सवाल है कि शिक्षा-दीक्षा और वैज्ञानिक पद्धतियों के व्यापक विकास-विस्तार के बावजूद ऐसी स्थिति क्यों कायम है, जिसमें अंधविश्वास का कारोबार करने वालों और इस संजाल में लोगों को फंसा कर उनसे अपराध तक कराने वालों में कोई हिचक नहीं है। सही है कि तकनीक का विस्तार आज दूरदराज के इलाकों तक हो चुका है और इसके जरिए ज्यादातर लोगों तक कई भ्रामक वैज्ञानिक व्याख्याएं पहुंच पाती हैं। मगर जिस विज्ञान और तकनीक के सहारे अज्ञानता पर पड़े पर्दे को हटाने में मदद मिल सकती है, उसी के सहारे कुछ लोग अंधविश्वास फैलाने वाली सामग्री भी परोसते हैं। आज तकनीकी संजाल का विकास इस तरह हो गया है कि कोई व्यक्ति इंटरनेट पर अपनी रुचि से जो सामग्री देखता-पढ़ता है, उसे उसी से संबंधित चीजें ज्यादा दिखने लगती हैं। इस वजह से भी तकनीक के सहारे विज्ञान को समझने की कोशिश शुरू करने वाला कोई व्यक्ति फिर अंधविश्वास के जाल में उलझ जाता है। संविधान के अनुच्छेद 51 ए के अनुसार वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देना सरकार की जिम्मेदारी है। अपराध घटित होने पर कानूनी कार्रवाई होती है, मगर यह सुनिश्चित करने के लिए ठोस कदम उठाने में सरकारों की भी दिलचस्पी नहीं दिखती कि अंधविश्वास का जाल फैलाने वाली गतिविधियों को रोका जाए और लोगों के बीच वैज्ञानिक चेतना के विकास के लिए जरूरी कदम उठाए जाएं।



# आचार्य श्री विद्यासागर महाराज आचार्य छत्तीसी महामंडल विधान मे वातावरण विद्यासागरमय हो गया





**रामगंजमंडी. शाबाश इंडिया**

विगत तीन दिनों से संस्कारों का श्रंखनाद करते हुए संस्कार शिविर चल रहा जिसमे हर वर्ग ज्ञान गंगा मे सराबोर हो रहा है और धार्मिक शिक्षा अध्यन कर रहा है इसी क्रम रविवार को आचार्य विद्यासागर महाराज छतीसी महामंडल विधान किया गया जिससे वातावरण भक्तिमय होने के साथ विद्यासागरमय हो गया। शिविर संयोजक आकाश जैन आचार्य ने बताया की प्रातः बेला मे श्रीजी का अभिषेक एवम शांतिधारा की गई दो मुख्य पांडुकशिला पर शांतिधारा का सोभाग्य दिलीप कुमार अरुण विनायका संजय आकाश बागडिया अशोककुमार महावीर बाबरिया को प्राप्त हुआ इसके बाद आचार्य गुरुवर विद्यासागर छतीसी महामंडल विधान किया गया इस विधान मे विशेष बात यह रही एक साथ छतीस परिवारों ने छतीस मंडलों पर एक साथ यह महामंडल विधान किया गया यह नगर मे पहला अवसर था जब एक साथ छतीस परिवारो ने यह विधान किया जो एक कीर्तिमान लिख गया सभी भक्ति से ओत प्रोत रहे हर कोई भक्ति मे मगन दिखाई दे रहा था इस महामंडल विधान मे आचार्य परमेष्टि के छतीस मूलगुणों का वर्णन किया गया महामंडल विधान मे सोधर्म इंद्र बनने का सोभाग्य प्रधुमन अमन अभिकरण अमय अमोय सुरलाया परिवार को प्राप्त हुआ इन्ही के द्वारा मुख्य दीप स्थापना व मंगल कलश स्थापित किया गया महामंडल विधान मे आचार्य विनोद जैन ने चांदनी फीकी पड़ जाए भजन से सभी को भक्ति से ओत प्रोत कर दिया एवम हेमंत जैन आचार्य के भक्तिमय भजन सुन भक्त अपने आप को झुमने से नहीं रोक पाए लगभग पांडाल खचाखच भर हुआ था मंदिर परिसर जय गुरुदेव आचार्य श्री की जयजयकार से गुंजायमान रहा विधान उपरान्त भक्ति मे झूमते हुए मंगल आरती की गई इसके बाद अल्पाहार का आयोजन हुआ जिसका सोभाग्य दिलीप कुमार अरुण कुमार विनायका परिवार को दिलीप विनायका वैवाहिक वर्षगांठ के अवसर पर प्राप्त हुआ ।

**-अभिषेक जैन लुहाड़िया**
**रामगंजमंडी की रिपोर्ट**

# अंतर मंतर जंतर जू, खेल-खेल में बच्चे हो रहे संस्कारित





**जयपुर. शाबाश इंडिया**

जनकपुरी ज्योति नगर में संत श्री सुधासागर आवासीय कन्या महाविद्यालय के तत्वावधान में आयोजित श्रमण संस्कृति संस्कार शिक्षण शिविर के पाँचवे दिन पाँच क्लास में एक सो से अधिक छात्रों ने अध्ययन किया। मन्दिर समिति अध्यक्ष पदम जैन बिलाला ने बताया कि विदुषियों द्वारा नमोकार व मंगल प्रार्थना के बाद दीप प्रज्वलन तारा चंद मंजू देवी सिद्धि गोधा झाग वाले परिवार द्वारा किया गया। इधर जिनालय में शिविर में बाल संस्कार की क्लास में विदुषी सौम्या बच्चों को खेल खेल में धर्म के संस्कार रिदम/ कविता आदि के माध्यम से बच्चों के साथ ही बैठ कर तन्मयता से सीखा रही है। इधर रविवार को शिविर में राजस्थान युवा महा सभा के अध्यक्ष प्रदीप जैन व महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा पधारे। सभी का स्वागत सम्मान मंत्री देवेंद्र कासलीवाल, मिश्री लाल काला डा. इन्द्र कुमार, सतीश बाँदीकुई, सुशीला कोठारी जैन युवा मंच के अध्यक्ष अमित शाह व नीरज जैन आदि ने किया।

# श्री सन्मति दिगंबर जैन पाठशाला के बच्चों द्वारा भक्ति भाव से की गई पूजन





**मुकेश जैन लार. शाबास इण्डिया**

बड़ागांव धासन। श्री सन्मति दिगंबर जैन पाठशाला बड़ागांव धासन (टीकमगढ़) के तत्वावधान मे प्रत्येक रविवार को बच्चों द्वारा जिनेन्द्र भगवान का सामूहिक अभिषेक शांतिधारा व पूजन बड़े ही भक्ति भाव उमंग के साथ की गई। पाठशाला के अध्यक्ष पंडित सुनील कुमार जैन शिक्षक ने बताया की पाठशाला में करीब 70 बच्चे पंजीकृत हैं, उनमें से करीब 50 बच्चे प्रत्येक रविवार को पूजन में सम्मिलित होते हैं । जहां बच्चे टी. वी, मोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक चीजों में अपना समय व्यतीत करते हैं, वहीं उनमें पूजन आदि के संस्कारों का बीजारोपण करने के लिए पाठशाला का संचालन एवं पूजन और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के द्वारा व्यस्त रखने का यह है उपक्रम समिति द्वारा संचालित किया जा रहा है। प्रत्येक रविवार को पूजन के पश्चात स्वल्पाहार प्रदान किया जाता है। सभी स्वल्पाहार पुण्यार्जक परिवार अपने घर से नाश्ता तैयार कर उन्हें अपने हाथों से वितरित करते हैं, इसी उपक्रम में आज राजुल बालिका मंडल, बड़ागांव द्वारा स्वल्पाहार पुण्यार्जक के रूप में अपना सहयोग प्रदान किया।






# राजस्थान जैन युवा महासभा विद्याधर नगर जोन द्वारा पक्षियों की सुरक्षा हेतु परिंडे व चुग्गा घर लगाए गए



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

जैन युवा एवं महिला संगठनों की प्रदेश स्तरीय एकमात्र पंजीकृत संस्था राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर, जो कि गत 30 वर्षों से धार्मिक, सामाजिक, महिला उत्थान एवं मानव सेवा के क्षेत्र में कार्यरत है, के विद्याधर नगर जोन के तत्वाधान में समाजिक एवं जीव सेवा की कड़ी में इस भीषण गर्मी में पक्षियों की रक्षा हेतु दिनांक 19 मई 2024, रविवार को प्रातः 8 बजे श्री महावीर दिगंबर जैन मंदिर पार्क मुरलीपुरा जयपुर में परिंडे एवं चुग्गा घर बांधे। राजस्थान जैन युवा महासभा विद्याधर नगर जोन के अध्यक्ष नीरज जैन एवं महामंत्री अनिल काला ने बताया कि जैन धर्म के 24 वे तीर्थंकर भगवान महावीर के सिद्धांत ''जियो और जीने दो'' का सही अर्थों में अनुकरण करते हुए इस भीषण गर्मी से व्याकुल पक्षियों की रक्षार्थ राजस्थान जैन युवा महासभा विद्याधर नगर जोन द्वारा जीव सेवा का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमे पक्षियों के भोजन एवं प्यास हेतु श्री महावीर दिगंबर जैन मंदिर पार्क मुरलीपुरा एवं आस पास के क्षेत्र में मिट्टी के परिंडे बांधकर उनमें जल भरा गया साथ ही चुग्गा घर बांधकर इनमें नियमित भोजन एवं पानी भरकर देखभाल करने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगो को भी परिंडे व चुग्गा घर का वितरण उनके आवास अथवा आस पास में वृक्षों पर लगाने के लिए किया गया। जीव सेवा के इस अवसर पर सुधीर कुमार जैन, मनोज पहाड़िया, महेंद्र जैन, पंकज जैन, आशीष जैन, अंकित जैन, अमित कुमार जैन ( नासिरदा वाले ), मनोज जैन ( नेवटा वाले ), योगेश जैन, नरेश अजमेरा, रेखा जैन, संगीता पहाड़िया, कशिश जैन, रिद्धि जैन, कोमल जैन, मोना जैन ( नेवटा वाले ) की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के अंत में अध्यक्ष नीरज जैन की तरफ से कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगो को अल्पाहार दिया गया।

# महावीर इंटरनेशनल उदयपुर केंद्र द्वारा 110 वां निःशुल्क चिकित्सा एवं परामर्श शिविर






## विज्ञान समिति के सयुक्त तत्वावधान में हुआ आयोजन

**उदयपुर. शाबाश इंडिया**

रविवार, दिनांक 19 मई, 2024 को स्व. श्री विजय कुमार सुराणा की स्मृति में विज्ञान समिति परिसर में प्रातः 10 से 12 बजे तक विज्ञान समिति एवं महावीर इंटरनेशनल उदयपुर केंद्र के संयुक्त तत्वाधान में 110 वां निःशुल्क चिकित्सा एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे चिकित्सकगण डॉ. आई. एल.जैन (वरिष्ठ फिजिशियन एवं हृदय रोग विशेषज्ञ), डॉ.अरुण कुमार बापना (वरिष्ठ फिजिशियन) , डॉ.अनुराग तलेसरा, डॉ.अजय सांखला (अस्थिरोग विशेषज्ञ), डॉ. भानु प्रकाश वर्मा (नाक कान, गला विशेषज्ञ), डॉ. अनुष्का झोटा (दंत चिकित्सक) डॉ राकेश दशोरा (हार्टफुल नेस उपचार) डॉ. एस. एन. शर्मा (समीक्षन ध्यान विशेषज्ञ), योगेश्वर चौबीस, डॉ.राकेश दशोरा (आयुवेर्दाचार्य), श्री बी. एल.पोखरना, एल. एन.शर्मा (एक्युप्रेशर) डॉ.दीपक शर्मा, डॉ. सरोज दाहिमा (फिजियोथेरेपिस्ट) एवं अन्य चिकित्सा सहयोगी ने सेवाएं प्रदान की। इस शिविर में सभी रोगियो को निशुल्क चिकित्सा प्रदान कर उचित परामर्श दिया गया। इस शिविर में 52 रोगियों को परामर्श व उपचार प्रदान किया गया। शिविर में 6 तकनीकी सहायकों ने विभिन्न रोगियों की जाँच की। शिविर में विज्ञान समिति कुलप्रमुख डॉ. के.एल. कोठारी, श्री मुनीष गोयल चिकित्सा सेवा प्रकोष्ठ के संयोजक डॉ. बी.एल. चावत व अन्य सदस्यों ने अपनी सेवायें प्रदान की। महावीर इंटरनेशनल उदयपुर के अध्यक्ष वीर सुनील गांग एवं संस्था के 12 सेवाभावी सदस्यों ने अपनी सेवाएँ प्रदान की। शिवीर में महावीर इंटरनेशनल उदयपुर केंद्र के अध्यक्ष वीर सुनील गांग, वीरा कृष्णा भंडारी, वीरा स्वराज जैन, वीर के. एल. कोठारी, वीरा डॉ.अनुष्का झोटा, वीरा डॉ.सुशीला जैन, वीरा डॉ.कमला कंवरानी, वीरा कमलेश खमेसरा, वीर महेंद्र खमेसरा, वीर वर्धमान मेहता, वीर सुरेश सिसोदिया, वीरा मंजू सिसोदिया एवं विज्ञान समिति सदस्यगण की सराहनीय सेवाएं रही। सभी का केंद्र की ओर से बहुत बहुत आभार।

# दानामेथी, अजवाइन और काली जीरी के पाउडर का सेवन करने से लोगों को क्या फायदा हो रहा है?






डॉ पीयूष त्रिवेदी
आयुर्वेदाचार्य
चिकित्साधिकारी राजकीय आयुर्वेद चिकित्सालय राजस्थान विधानसभा,जयपुर।
9828011871

मेथी, अजवाइन और काली जीरी पाउडर का सेवन करने से कई फायदे हो सकते हैं। ये सभी मसाले आयुर्वेदिक और स्वास्थ्य संबंधित लाभों के लिए प्रसिद्ध हैं।
कुछ मेथी, अजवाइन और काली जीरी मिक्स पाउडर के फायदे निम्नलिखित हैं:
मेथी का पाउडर सेवन कई स्वास्थ्य लाभ प्रदान कर सकता है। निम्नलिखित कुछ महत्वपूर्ण फायदे हो सकते हैं:

## डायबिटीज का नियंत्रण:

मेथी का पाउडर रक्त शर्करा स्तर को नियंत्रित करने में मदद कर सकता है। इसमें मौजूद विटामिन, मिनरल्स, और आयुर्वेदिक गुण रक्त शर्करा के स्तर को कम करने में मदद कर सकते हैं।

## पाचन को सुधारना

मेथी का पाउडर पाचन प्रणाली को सुधारने में मदद कर सकता है। इसमें मौजूद फाइबर संक्रमित वसा को कम करने, आंतों की सफाई करने और पाचन प्रक्रिया को बेहतर बनाने में मदद करता है।

## वजन कम करना

मेथी का पाउडर वजन कम करने में सहायक हो सकता है। यह भोजन के बाद भूख को कम करने में मदद करता है और वसा घटाने में मदद कर सकता है।

## हृदय स्वास्थ्य

मेथी का पाउडर हृदय स्वास्थ्य को बढ़ावा देने में मदद कर सकता है। इसमें मौजूद अदरकिया और फॉलिक एसिड हृदय के लिए उपयोगी होते हैं।
अजवाइन पाउडर का सेवन करने से कई फायदे हो सकते हैं। यह प्राकृतिक उपचार और आयुर्वेदिक दवाओं में उपयोग होता है। निम्नलिखित तरह के फायदे हो सकते हैं:

## 1. पाचन शक्ति को सुधारें:

अजवाइन पाचन शक्ति को सुधारने में मदद कर सकता है। इसका सेवन आंत्र को स्टिम्युलेट करता है और अपच और गैस की समस्याओं को कम कर सकता है।

## 2. साइनस और नजला की समस्याओं को कम करें:

अजवाइन का प्रयोग नाक संबंधी समस्याओं में फायदेमंद हो सकता है, जैसे कि साइनस, नजला, जुकाम आदि। यह नाक के उत्पादन को कम करता है और नाक के बंद होने को दूर कर सकता है।

## 3. दर्द और इन्फ्लेमेशन को कम करें:

अजवाइन में उपस्थित एंटीइंफ्लेमेटरी और नियंत्रक गुणों के कारण, इसका सेवन दर्द और इन्फ्लेमेशन को कम करने में मदद कर सकता है। इसे ताजगी और राहत के लिए मसाला चाय या घरेलू नुस्खों में उपयोग किया जा सकता है।

## 4. डायबिटीज को नियंत्रित करने वाला है

काली जीरी (काला जीरा) पाउडर का सेवन करने से कई फायदे हो सकते हैं। यह पाउडर विभिन्न भारतीय व्यंजनों में मसाला के रूप में उपयोग होता है, और इसका उपयोग आयुर्वेदिक औषधि तथा प्राकृतिक चिकित्सा में भी किया जाता है। यहां कुछ मुख्य फायदे दिए गए हैं:

## 1. पाचन क्रिया को सुधारें:

काली जीरी पाचन प्रणाली को सुधारने में मदद कर सकती है। इसमें पाचन शक्ति को बढ़ाने और आपामार्ग को सुधारने के गुण होते हैं।

## 2. गैस और एसिडिटी की समस्या को कम करें:

काली जीरी में मौजूद एंटी-गैस और एंटी-एसिडिटी प्रोपर्टीज के कारण, यह गैस, एसिडिटी, और एसिड रिफ्लक्स जैसी समस्याओं को कम करने में मदद कर सकती है।

## 3. आंत्र की सफाई:

काली जीरी में प्राकृतिक उच्च अवशोषण क्षमता होती है, जिसके कारण यह आंत्र की सफाई को बढ़ा सकती है और कीटाणुओं के विरोधी गुण दिखा सकती है।

## 4. यह मिश्रण वजन कम करने में बहुत सहायता करता है।

# माँग्यावास जयपुर में हुआ श्री जिनसहस्रनाम महार्चना का भव्य आयोजनः गणिनी आर्यिका विज्ञाश्री माताजी



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

श्री दि. जैन मंदिर मांग्यावास, जयपुर में साधनारत प. पू. भारत गौरव, गणिनी भूषण आर्यिका 105 गुरुमाँ विज्ञाश्री माताजी ससंघ सान्निध्य में श्री जिनसहस्रनाम महार्चना का भव्य आयोजन निर्विघ्न सम्पन्न हुआ। प्रातःकालीन अभिषेक, शांतिधारा करने भक्तों की भीड़ लगी। भक्तामर, ऋद्धिमंत्र की आराधना के पश्चात सौधर्म इन्द्र गिरिश जैन, यज्ञनायक पीयूष जैन, कुबेर इन्द्र संजय सेठी, ईशान इन्द्र राजेन्द्र सेठी एवं माहेन्द्र इन्द्र मनोज गोधा ने दीप, धूप, फल, हवन, व शांतिधारा पूर्वक श्री जिनसहस्रनाम महार्चना की आराधना सम्पन्न करायी। सकल समाज ने संगीतमय तरंगों के साथ भक्ति का आनंद लिया। मंडल पर 11 श्रीफल, 11 दीपक , 11 अर्घ्य चढ़ाये गए। 1008 मंत्रों का जाप पूर्वक विश्वशांति महायज्ञ का अनुष्ठान पूर्वक समापन हुआ। पूज्य गुरुमाँ की आहारचर्या कराने का परम सौभाग्य शकुंतला जैन सपरिवार ने प्राप्त किया। निर्माण नगर जयपुर समाज ने पूज्य माताजी ससंघ को अल्प प्रवास हेतु श्रीफल समर्पित कर आशीर्वाद प्राप्त किया। माताजी ने कहा कि जिनसहस्रनाम भक्ति का फल अचिन्त्य है। क्योंकि यह भक्ति मनोवांछित फल को देने वाली है। पूज्य गुरुमाँ ने सहस्राधिक सहस्रनाम विधान कराके जो मिशाल खडी की है वह जैन धर्म के इतिहास में स्वर्णाक्षरों से लिखी जायेगी। एक-एक मंत्र मे हजार-हजार देवता स्थापित हुए है।

## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

सम्पादकः राकेश जैन गोदिका
@ 94140 78380, 92140 78380

दैनिक ई-पेपर
शाबाश इंडिया
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com

# श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में हुआ कार्यक्रम





## छोटे-छोटे बच्चों को सिखाई गई भगवान का पूजन करने की विधि

**अजय जैन. शाबाश इंडिया**

अम्बाह। श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में रविवार को जैन समाज के बच्चों ने पहुँचकर भगवान महावीर की विशेष पूजा अर्चना की समाज के वरिष्ठ जनों ने बताया कि इस समय बच्चों की छुट्टियां चल रही है बच्चों में जैन धर्म के संस्कार व धर्म प्रभावना प्रवाहित हो सके इसके लिए इस विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया है जिसमें 8 वर्ष से लेकर 16 वर्ष तक आयु वर्ग के बच्चे बच्चियां सम्मलित हुये है इस दौरान भगवान की प्रतिमा का पूजन करने की विधि बच्चो को बताई गई समाज के वरिष्ठ पुजारी व बालिका मण्डल प्रमुख राजुल जैन और उनके साथी सदस्यों ने जिनेंद्र भगवान का विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना करना छोटे-छोटे बच्चों को सिखाया। इसके साथ ही पूजन में आवश्यक नियमों का पालन किस तरह करे इस संबंध में भी बच्चों को जानकारी दी गई।

राजुल जैन ने बताया कि भगवान की पूजन की विधि सीखने प्रति रविवार बच्चे उत्साह के साथ आ रहे हैं। बच्चों को बताया गया कि वह जैन मंदिर में प्रवेश करते ही णमोकार मंत्र बोलें। मंत्र बोलकर हम वादा करते हैं कि मंदिर के भीतर हम सांसारिक विचार, बातें या प्रवृत्ति नहीं करेंगे। सबसे पहले केसर-चंदन रखने के कमरे में जाकर हम अपनी ललाट पर दो भौंहों के बीच बराबर आज्ञा चक्र के बिन्दु पर बादाम के आकार का, दीये की लौ-ज्योति जैसा तिलक करें। वहीं बिना सही विधि के पूजा करने से भगवान की असातना भी होती हैं। राजुल जैन ने बताया कि इस शिविर में समाज के बच्चों के साथ बड़े भी सही विधि से पूजन करना सीख सकते है। उन्होंने कहा कि जो बच्चे नियमित पूजा करने आते है, उन सभी बच्चों को पुरस्कृत भी किया जाता है। उक्त संबंध में आयोजकों ने बताया कि उनका उद्देश्य भविष्य के लिए पुजारी तैयार करना है जिससे मंदिरों में पूजा अर्चना होती रहे और सभी में धार्मिक संस्कार बने रहे।

# भारतीय जैन युवा परिषद जयपुर द्वारा डांस विथ योगा कार्यक्रम आयोजित

जयपुर. शाबाश इंडिया भारतीय जैन युवा परिषद जयपुर के तत्वावधान में सिटी पार्क मानसरोवर में आज डांस विथ योगा का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें करीबन 150 लोगों ने हिस्सा लिया। अध्यक्ष देवेंद्र बोहरा लाखना वाले ने बताया कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में लोगो को प्रतिदिन योग करना चाहिए, महामंत्री रवि रावंका ने बताया कि योगा से बीमारियां नहीं होती और कोषाध्यक्ष राकेश काला ने बताया कि योगा करने से मानसिक तनाव कम होता हैं और मस्तिष्क स्वच्छ रहता हैं, योगा ट्रैनर ज्योति जैन ने बताया की डांस विथ योगा करने से पॉजिटिव एनर्जी आती हैं, मुख्य अतिथि ड़ा राजीव जैन, राजस्थान हाऊसिंग बोर्ड के चीफ इंजीनियर श्री अमित अग्रवाल, चीफ कोआर्डिनेटर श्री भारत भूषण जैन, Dcb बैंक के ब्रांच मैनेजर दसरथ सिंहरहे ! योगेश बड़जात्या 'एथर', विनोद जैन लदाना, विजय जैन खटवाड़ा, नेमी चंद छाबड़ा, भूतपूर्व पार्षद जया जैन,मिथिलेश जैन, रतन सोगानी, प्रणव लुहाड़िया,की अहम भूमिका रही ! कार्यक्रम के पश्चात सभी को अल्पाहार की व्यवस्था की गई।



## एसपीयू, रजिस्ट्रार प्रो. रमेश कुमार रावत को Excellence in Leadership Award




**जयपुर।** सिक्किम प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी, गंगटोक, सिक्किम के रजिस्ट्रार प्रोफेसर रमेश कुमार रावत को **Excellence in Leadership Award** से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्निकल एंड साइंटिफिक रिसर्च और इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया), राजस्थान स्टेट सेंटर, जयपुर द्वारा 19 मई 2024 को द इंस्टीट्यूशंस ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया) राजस्थान में आयोजित आईटीएसआर फाउंडेशन अवार्ड समारोह 2024 में दिया गया। राज्य केंद्र, इंजीनियर्स भवन, और गांधी नगर, नेहरू गार्डन के पास, टोंक रोड, जयपुर, राजस्थान। यह पुरस्कार सिक्किम प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार प्रो. रमेश कुमार रावत के बड़े भाई दामोदर प्रसाद रावत ने कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. एस.के. सिंह, कुलपति, राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय, कोटा, अतिथि से उनकी ओर से प्राप्त किया। Guest of ऑनर प्रो. आर. एल. रेना, डॉ. अरविंद अग्रवाल और डॉ. अविनेश पवार, इंजीनियर, महेंद्र कुमार चौहान, अध्यक्ष, आईईआई, आरएससी, जयपुर, विशिष्ट अतिथि, डॉ. हेमंत गर्ग, मानद, सचिव, आईईआई, आरएससी, जयपुर और डॉ. प्रशांत कुमार, निदेशक, आईटीएसआर, जयपुर। आईईआई, आरएससी के मानद सचिव डॉ. हेमंत गर्ग ने बताया कि पूरे देश में अपने क्षेत्र में असाधारण प्रदर्शन करने वालों को कुल 40 पुरस्कार दिए गए।इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय, कोटा के कुलपति प्रोफेसर एस.के. सिंह ने सभी को संबोधित किया और प्रौद्योगिकी में बदलाव, बड़े डेटा विश्लेषण, मशीन लर्निंग और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के बारे में बताया। डॉ. प्रशांत कुमार, निदेशक, आईटीएसआर, जयपुर ने सभी पुरस्कार विजेताओं को धन्यवाद दिया और उन्होंने आईटीएसआर के कामकाज, अनुसंधान और विभिन्न अन्य संगठनों के सहयोग से आईटीएसआर के कामकाज पर भी ध्यान केंद्रित किया।सिक्किम प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी के अध्यक्ष श्री हेमन्त गोयल, प्रबंधन सदस्य श्री मुकेश गोयल, श्री. सिद्धार्थ गोयल, श्री. चमन गोयल, डॉ. कुलदीप अग्रवाल, अध्यक्ष, मुक्त विद्यालयी शिक्षा एवं कौशल शिक्षा बोर्ड, डॉ. विकास चड्ढा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, कुलपति, प्रो. (डॉ.) एच.एस. यादव, प्रति-कुलपति, प्रो. जसवन्त सोखी, सभी प्राचार्य, शिक्षण और गैर-शिक्षण स्टाफ सदस्य, प्रोफेसर रावत के पिता श्री श्रवण कुमार रावत एवं माता श्रीमती. कृष्णा देवी रावत, परिवार के सदस्य एवं रिश्तेदार, प्रो. बी.एल. माहेश्वरी, एमडी, एक्वाप्रूफ़, मुंबई, वरिष्ठ पत्रकार श्री. कल्याण सिंह कोठारी, देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपतियों, रजिस्ट्रारों एवं प्रोफेसरों, शिक्षाविदों एवं विभिन्न सरकारी एवं गैर सरकारी संगठनों, प्रतिष्ठित व्यक्तियों ने इस उपलब्धि के लिए सिक्किम प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार प्रोफेसर रमेश कुमार रावत को बधाई दी और उन्हें कार्य करने के लिए, समाज के विकास के लिए प्रोत्साहित किया।

## 130 से ज्यादा लोगों ने रक्तदान शिविरों में पहुंचकर रक्तदान के लिए दिखाए जबरदस्त उत्साह




**आगरा. शाबाश इंडिया।** दिनांक 19 मार्च 2024 दिन रविवार को भारतीय जैन संघटना आगरा द्वारा एक साथ तीन जगह पर रक्तदान शिविर लगाया गया। कमला नगर स्थित लोकतंत्र ब्लड बैंक में दिल्ली गेट स्थित समर्पण ब्लड बैंक में एवं सेक्टर 7 स्थित श्री 1008 शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में लगाया गया। तीनों ही जगह संस्था के सदस्यों द्वारा व्यवस्थाएं संभाली गई। साथ में सेक्टर 7 जैन मंदिर जी की कमेटी ने सारी व्यवस्थाएं करते हुए शिविर को संचालित किया। यहां पर समर्पण ब्लड बैंक द्वारा रक्तदान कराया गयोभारतीय जनता ब्लड बैंक को उनकी 14 वीं स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देता है साथ ही, समर्पण ब्लड बैंक को भी हार्दिक धन्यवाद देता है जिनके द्वारा ब्लड बैंक में एवं सेक्टर साथ में रक्तदान शिविर का आयोजन सफलता से किया गया।

# आठ दिवसीय संस्कार शिक्षण शिविर का हुआ शुभारंभ

### 19 से 26 मई तक दिए जायेंगे संस्कार







**मनोज जैन नायक, शाबाश इंडिया**

मुरैना । ग्रीष्मकालीन अवकाश में साधर्मी बंधुओं एवम बच्चों को संस्कारित करने एवम धार्मिक शिक्षा प्रदान करने हेतु आठ दिवसीय संस्कार शिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया। शिक्षण शिविरों के क्षेत्रीय प्रभारी नवनीत जैन शास्त्री मुरैना ने जानकारी देते हुए बताया कि गुरु उपकार महोत्सव के अंतर्गत पूज्य निर्यापक मुनि पुंगम सुधासागर जी महाराज के मंगल आशीर्वाद से श्री दिगम्बर जैन श्रमण संस्कृति संस्थान सांगानेर के तत्वाधान में 19 मई से 26 मई 2024 तक आठ दिवसीय श्रमण संस्कृति संस्कार शिक्षण शिविर का आयोजन पूज्य क्षुल्लिका अक्षतमति माताजी एवम क्षयोपसमति माताजी के पावन सान्निध्य में बड़े जैन मंदिर मुरेना में किया जा रहा है । शिविर संबंधी समस्त व्यवस्थाओं हेतु प्राचार्य वीरेंद्र जैन बावा को मुख्य संयोजक मनोनीत किया गया है। शिक्षण शिविर में ज्ञानतीर्थ परिवार मुरेना की ब्रह्मचारिणी बहिन अनीता दीदी, ललिता दीदी, संस्कृत महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य महेंद्रकुमार शास्त्री एवम सांगानेर जयपुर परिवार के जैन दर्शन के विद्वान पंडित नीरज जी शास्त्री भगवा, पंडित सुरेश जी शास्त्री भगवा, पड़ित शुभम जी शास्त्री शाहगढ़, पंडित राहुल जी शास्त्री बागरोही, पंडित शुभम जी शास्त्री हटा, नवनीत शास्त्री मुरेना, हिमांशु शास्त्री, नीतू दीदी आदि शिक्षण प्रदान करेंगे। शिविर शुभारंभ के पावन अवसर पर ध्वजारोहण राजेन्द्र भण्डारी, मंगलकलश स्थापना प्रेमचन्द जैन बंदना साडी, चित्र अनावरण विमलचन्द्र जैन वर्तन वाले, दीप प्रज्जवलन महेश चन्द्र जैन खनेता, जिनवाणी स्थापना करन सिंह योगेन्द्र कुमार जैन द्वारा की गई। प्रतिदिन प्रातः 07 बजे एवम शाम को 07 बजे से शिक्षण प्रदान किया जायेगा । शाम को आरती, विद्वानों के प्रवचन एवम रात्रि को सांस्कृतिक कार्यक्रम होगें । शिविर उद्घाटन के अवसर पर बड़ा मंदिर कमेटी के अध्यक्ष प्राचार्य अनिल जैन, शिविर प्रभारी नवनीत शास्त्री, शिविर संयोजक वीरेंद्र जैन बावा, पल्लीवाल मंदिर के अध्यक्ष शेखर जैन, वीरेंद्र जैन कोषाध्यक्ष, जवाहरलाल बरैया, कन्हैयालाल, एडवोकेट दिनेश जैन सहित सैकड़ों की संख्या में साधर्मी बंधु, माता बहिनें, बच्चें उपस्थित थे ।